Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 22-08-2006

Participants : Manjhi Shri Rajesh Kumar

an>

Title : Need to take steps for socio-economic upliftment of Mushar Community in Bihar.

श्री राजेश कुमार मांझी (गया) : महोदय, मैं आपका ध्यान बिहार राज्य में अनुसूचित जातियों में सबसे पिछड़ा मुसहर समुदाय की दुर्दशा की ओर ध्यान आकृट करता हूं। बिहार राज्य में इसकी आबादी 2.5 प्रतिशत है और इस समुदाय की सामाजिक और आर्थिक दशा का आंकलन राट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कराया था और इससे संबंधित सक्सेना रिपोर्ट केन्द्र को सौंप दी गयी थी। इस ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा सक्सेना रिपोर्ट को आधार बनाकर मुसहर परिवारों को आवास हेतु जमीन, इंदिरा आवास, पेयजल, सम्पर्क पथ, खाद्य सुरक्षा, पोाण एवं स्वास्थ्य व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सुरक्षा, कौशल विकास एवं अत्याचार पर रोकथाम आद पर विस्तृत कार्य योजना बनाकर उसे सौंपने के लिए कहने के बावजूद राज्य सरकार आज तक कोई कार्य योजना नहीं बना सकी, जिसके कारण आज यह समुदाय मुख्य धारा में पिछड़ गया है।

माननीय महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय ग्रामीण विकास मंत्री जी से यह अनुरोध करता हूं कि सक्सेना रिपोर्ट को आधार बनाकर यथाशीघ्र मुसहर समुदाय के सामाजिक, आर्थिक उत्थान हेतु उपयुक्त सहायता प्रदान करें।